# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
# गोरखपुर-273001

(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

सम्बद्ध

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in


पत्रांक :                /2023–24                                                                                     दिनांक 18.05.2023

## शिक्षा शास्त्र विभाग में आयोजित हुआ विदाई समारोह

दिग्विजय नाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आज शिक्षा शास्त्र विभाग में एम.ए. अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रोफेसर हितेंद्र कुमार मिश्रा विभागाध्यक्ष, हिंदी विभाग, पूर्वोत्तर पर्वतीय केंद्रीय विश्वविद्यालय, शिलांग ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान भारत युवा जनसंख्या के मामले में सर्वाधिक संपन्न राष्ट्र है तो ऐसे में युवाओं की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। युवाओं को आगे आकर राष्ट्र के विकास में अपना योगदान देना होगा। आप सभी छात्र.छात्राएं जो शिक्षा शास्त्र विषय से परास्नातक की डिग्री ग्रहण करके यहां से जा रहे हैं अपना सर्वोत्तम योगदान करें जिससे कि हमारा राष्ट्र निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर हो। समारोह को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफ़ेसर ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि शिक्षा साहित्य और ज्ञान की त्रिवेणी दिग्विजय नाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय से परास्नातक की डिग्री प्राप्त करके आप सभी छात्र.छात्राएं जीवन के क्षेत्र में जहां भी जाएं, महाविद्यालय का नाम रोशन करें। जीवन के रणक्षेत्र में अनेक बाधाएं आपके समक्ष उपस्थित होंगी। परंतु आपको धैर्य एवं आशा के साथ उनका सामना करना होगा। आपकी शिक्षा डिग्री प्राप्त करने तक ही समाप्त नहीं होती वरन आपका उत्तरदायित्व समाज के प्रति अब और बढ़ गया है। आप जो भी कुछ यहां से प्राप्त किए हैं उसका प्रचार.प्रसार समाज में करें एवं राष्ट्र की उन्नति में योगदान करें। अपने संबोधन में महाविद्यालय के मुख्य नियंता प्रोफेसर धीरेंद्र सिंह ने कहा कि आप सभी विद्यार्थी जिस प्रकार यहां अनुशासित जीवन व्यतीत करते हैं आपको समाज में जाकर समाज को भी अनुशासित करना है। आपने जो ज्ञान यहां प्राप्त किया है उसके आधार पर आप अपना ही नहीं वरन समाज का विकास करेंगे। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शिक्षा शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष श्रीमती निधि राय ने कहा कि हमारे विद्यार्थी हमारी अमूल्य निधि हैं। इनकी विदाई का समय बहुत ही दुखद होता है। परंतु इस बात की हमेशा शिक्षकों को प्रसन्नता होती है कि उनके छात्र यहां से निकल कर एक नए क्षेत्र में प्रवेश करने जा रहे हैं जहां एक नया आसमान उनका इंतजार कर रहा है। निश्चय ही आप सभी यहां से जाकर समाज को एक नई दिशा प्रदान करने का कार्य करेंगे। कार्यक्रम का संचालन अपूर्वा दुबे एवं अतुल शर्मा ने किया सरस्वती वंदना प्रीति गुप्ता ने तथा स्वागत गीत काजल कसौधन ने प्रस्तुत किया। छात्र.छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपने संस्कृति की झलकियां प्रस्तुत की। इस अवसर पर डॉ श्याम सिंह, डॉ त्रिभुवन मिश्रा, प्रो अर्चना सिंह, डॉ अखंड प्रताप सिंह, डॉ रुक्मिणी चौधरी, डॉ संजय कुमार त्रिपाठी, डॉ अभय मालवीय, डॉ संजीव कुमार सिंह, डॉ शैलेश सिंह, कुलदीप शाही, अजय शर्मा आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

**डॉ. शैलेश कुमार सिंह**
प्रभारी सूचना एवं जनसम्पर्क